

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी | मो. 9587570001 | Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 19 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया




**प्रोजेक्ट चीता के तहत कूनो नेशनल पार्क में जन्मी केजीपी12 ने चार शावकों को दिया जन्म**

*भारत में जन्मी मादा चीता KGP 12 ने कूनो नेशनल पार्क में चार शावकों को जन्म दिया है। यह 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, और यह घटना इस पहल के चार साल पूरे होने के ठीक एक दिन बाद हुई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में इस घटना को प्रोजेक्ट चीता के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक और खुशी का पल बताया। उन्होंने कहा कि चार साल, चार नई जिंदगियां; उम्मीद, हिम्मत और भारत में चीता संरक्षण की बढ़ती सफलता का एक सुंदर प्रतीक। मंत्री ने इस प्रोजेक्ट से जुड़े सभी लोगों को बधाई भी दी।*

### सरकार ने बच्चों के पासपोर्ट से जुड़े नियम बदले

## 15 साल से छोटे बच्चों का पासपोर्ट 5 साल तक वैध, 18 के हुए तो रिन्यू होगा

**नई दिल्ली एजेन्सी।** विदेश मंत्रालय ने बच्चों के पासपोर्ट के नियमों में बदलाव किया है। 15 साल से कम उम्र के बच्चों का 36 पेज वाला सामान्य पासपोर्ट जारी होने की तारीख से अब 18 साल की उम्र या 5 साल तक वैध रहेगा। पहले पासपोर्ट वैधता की उम्र 15 साल थी। अगर बच्चा 5 साल पूरे होने से पहले 18 साल का हो जाता है, तो पासपोर्ट की वैधता उसी समय खत्म हो जाएगी। यानी 5 साल या 18 साल की उम्र में से जो पहले आएगा, वही वैधता की अंतिम सीमा होगी।विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नियम संशोधन नियम, 2026 को 17 सितंबर को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया। इसके जरिए 1980 के पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया गया है।




पहले का नियम- यदि कोई बच्चा 15 साल या उससे कम उम्र में पासपोर्ट बनवाता है तो उसका पासपोर्ट 5 साल या 15 साल की उम्र तक वैध रहता था। मान लीजिए किसी बच्चे ने 14 साल की उम्र में पासपोर्ट बनवाया तो उसकी वैधता 15 साल की उम्र तक ही रहती थी। यहां 5 साल की वैधता का लाभ नहीं मिलता था।

नया नियम- यदि कोई बच्चा 15 साल या उससे कम उम्र में पासपोर्ट बनवाता है तो उसका पासपोर्ट अब 18 साल की उम्र तक वैध रहेगा। मान लीजिए किसी बच्चे ने 14 साल की उम्र में पासपोर्ट बनवाया तो उसकी वैधता 18 साल की उम्र तक रहेगी। यहां भी 5 साल की वैधता का लाभ नहीं मिल पाएगा।

बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को 10% छूट

8 साल से कम उम्र के बच्चों और 60 साल से ज्यादा उम्र के सीनियर सिटीजन को नए पासपोर्ट आवेदन पर 10% की छूट मिलती रहेगी। हालांकि, पासपोर्ट री-इश्यू कराने पर यह छूट नहीं मिलेगी।

बच्चों के पासपोर्ट की फीस बढ़ने के बावजूद नए पासपोर्ट आवेदन पर 10% छूट जारी रहेगी।

नई शुल्क व्यवस्था में सामान्य पासपोर्ट के अलावा तत्काल सेवा, नवीनीकरण, खोए या खराब पासपोर्ट को बदलने और पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जैसी सेवाएं भी शामिल हैं।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस के 8 क्रू सस्पेंड, इनमें 4 पायलट

### 2 घंटे में एल्कोहल टेस्ट नहीं कराया; दुबई–अमृतसर फ्लाइट का मामला

**नई दिल्ली एजेन्सी।** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने दुबई-अमृतसर फ्लाइट के 8 क्रू मेंबर्स को तीन महीने के लिए सस्पेंड किया है। इनमें चार पायलट शामिल हैं। यह कार्रवाई अनिवार्य पोस्ट-फ्लाइट ब्रीथ एनालाइजर (अल्कोहल) टेस्ट में देरी पर हुई।

मामला 2 अगस्त की दुबई-अमृतसर फ्लाइट का है। क्रू को अमृतसर के श्री गुरु राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद 2 घंटे में ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराना था।

रिपोर्ट के मुताबिक क्रू पहले होटल चला गया था और बाद में एयरपोर्ट लौटकर 2 घंटे 35 मिनट बाद टेस्ट कराया। सभी 8 सदस्यों का टेस्ट नेगेटिव आया यानी उनके शरीर में अल्कोहल नहीं मिला। इसके बावजूद तय समयसीमा में टेस्ट न कराने को नियमों का उल्लंघन माना गया।

एयरलाइन ने मामले की जानकारी एविएशन सेफ्टी बॉडी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को दी और सभी 8 सदस्यों को ड्यूटी से हटा दिया।

**एअर इंडिया सभी पायलटों की स्क्रीनिंग करेगी**

यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हाल ही में एअर इंडिया के एक पायलट का साइकोएक्टिव पदार्थ का टेस्ट पॉजिटिव आया था। इसके बाद एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के पायलटों के लिए डोप टेस्ट अनिवार्य किया गया।

एयर इंडिया अब अपने सभी पायलटों की प्रतिबंधित पदार्थों और दवाओं के लिए अतिरिक्त जांच भी करेगी। यह स्क्रीनिंग ट्रेनिंग और पोस्ट-फ्लाइट जांच के दौरान की जाएगी।

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलटों और अन्य कर्मचारियों से साइकोएक्टिव पदार्थों के इस्तेमाल या निर्भरता की जानकारी स्वेच्छा से देने की अपील की है।

एयरलाइन के मुताबिक, ऐसी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और जरूरत के अनुसार मेडिकल, HR और फ्लाइट सेफ्टी अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी।

**फ्लाइट के बाद अल्कोहल टेस्ट का नियम**

छ्त्तष्ट के नियमों के मुताबिक, भारत के बाहर से आने वाली निर्धारित उड़ानों के फ्लाइट और केबिन क्रू का पोस्ट-फ्लाइट ब्रीथ एनालाइजर (ক্ক) टेस्ट जरूरी है। क्रू को लैंडिंग के बाद तय समय सीमा में यह टेस्ट कराना होता है।

**पॉजिटिव आने पर लाइसेंस रद्द हो सकता है**

**पहली बार टेस्ट मिस:** लाइसेंस या अप्रूवल 3 महीने के लिए सस्पेंड हो सकता है।

**दूसरी बार टेस्ट मिस:** 1 साल का सस्पेंशन हो सकता है।

**टेस्ट पॉजिटिव आने पर:** बार-बार उल्लंघन की स्थिति में सजा और कड़ी हो सकती है, जिसमें लाइसेंस रद्द होने तक की कार्रवाई शामिल है।

## उत्तराखंड में बर्फबारी, केदारनाथ में तापमान माइनस 2 डिग्री

**नई दिल्ली एजेन्सी।** उत्तराखंड के चमोली के हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हुई। वहीं, केदारनाथ और रुद्रनाथ में भी ओलों के साथ हल्की बर्फबारी हुई। इससे पहाड़ी इलाकों में तापमान गिरने के साथ ठंड बढ़ गई है। केदारनाथ में आज सुबह तापमान माइनस 2एष्ट रिकॉर्ड किया गया।

मध्य प्रदेश में गुरुवार को भोपाल, सीहोर और देवास में तेज बारिश हुई। प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सितंबर के आखिरी सप्ताह से मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 21 सितंबर तक राज्य में बारिश और आंधी का दौर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रुक-रुककर बारिश जारी है। कानपुर में करीब आधे घंटे तक 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। कई पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए। इसके बाद भारी बारिश हुई। बरेली में भी धूलभरी आंधी चली। करीब 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं से कई पेड़ उखड़ गए।

बिहार में मौसम विभाग ने 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम उमस भरा रहने की संभावना है। प्रदेश में बाढ़ से अब तक करीब 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।



## डूंगरपुर में डैम ओवरफ्लो, उदयपुर में पुल पर बही नदी

### टोंक में पानी भरने से फसल खराब, कोटा जंक्शन पर शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**जयपुर कासं।** राजस्थान से मानसून की विदाई 19 सितंबर से शुरू हो सकती है। अंतिम चरण मानसून जमकर बरस रहा है। उदयपुर, सलूंबर, चित्तौड़गढ़ जिले के अलग-अलग एरिया में गुरुवार रात से शुक्रवार दोपहर तक रुक-रुककर बरसात होती रही। सलूंबर के झल्लारा में सरनी नदी पुल के ऊपर से बही। डूंगरपुर के आसपुर के पुंजेला डैम पर शुक्रवार सुबह एक फीट की चादर चली। इससे पहले गुरुवार को जयपुर, अजमेर सहित कई जिलों में 4 इंच तक पानी बरसा। टोंक जिले में रात में



हुई बरसात से खेतों में कटी फसल खराब हो गई। कोटा जंक्शन पर बारिश के कारण शॉर्ट सर्किट हो गया। मौसम बदलने से दिन का तापमान 7 डिग्री तक गिर गया।

नदी में उफान के कारण रास्ता बंद, झरने बहेः चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा में गुरुवार देर रात करीब डेढ़ बजे बारिश शुरू हुई, जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। बारिश के बाद ब्राह्मणी नदी पर स्थित डब्को झरना तेज बहाव के साथ बहने लगा। कोटा जंक्शन के डीसीएम ने बताया गुरुवार को बारिश के कारण बिजली के पैनल में आग लग गई। जिसे कुछ मिनट बाद बुझा दिया गया। टोंक में हुई बारिश के कारण किसानों को नुकसान हुआ है। उदयपुर के सलूंबर में सरनी नदी के कारण रास्ता बंद हो गया।

## पाकिस्तान में नमाज के दौरान मस्जिद के पास धमाका:16 की मौत, 50 घायल

### खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट जिले की घटना



**नई दिल्ली एजेन्सी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार की नमाज के दौरान मस्जिद के पास जोरदार धमाका हुआ। इसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। धमाके से मस्जिद के बाहर का हिस्सा पूरी तरह टूट गया और एक दीवार भी गिर गई। कोहाट के सरकारी अस्पताल के अधिकारी ताहिर अली शाह ने बताया कि अस्पताल में 16 शव और 50 से ज्यादा घायलों को लाया गया। घायलों में कुछ पुलिसकर्मी भी हैं। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि पुराने पुलिस लाइंस के गेट पर विस्फोटकों से भरी गाड़ी टकराई थी। प्रशासन ने कोहाट-हंगू रोड को बंद कर दिया है। घायलों की संख्या बढ़ने के बाद अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। अभी यह साफ नहीं है कि धमाका कैसे हुआ और इसके पीछे किसका हाथ है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट से मस्जिद के बाहरी हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा।

**खैबर पख्तूनख्वा सीएम ने घटना की रिपोर्ट मांगी**

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने घटना की पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना बेहद गलत है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को घायलों का तुरंत इलाज कराने के निर्देश दिए। अफरीदी ने कहा, 'आतंकियों की ऐसी हरकतों से देश का हौसला नहीं टूटेगा। 'खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने भी धमाके की निंदा की।

**कोहाट में पहले भी हुआ बम धमाका**

कोहाट में इससे पहले भी बड़ा हमला हो चुका है। 2010 में पुलिस लाइंस के पीछे बनी एक पुलिस कॉलोनी में रिमोट कंट्रोल बम धमाका हुआ था। इसमें 20 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य थे। वहीं, 90 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

## डोटासरा बोले-कांग्रेस पार्षदों को जबरन उठाया जा रहा : मर्डर या खून-खराबा होने पर सरकार और पुलिस की होगी जिम्मदारी; बाड़ाबंदी में क्रिकेट खेल रहे पार्षद

**जयपुर कासं।** सीकर में कांग्रेस-भाजपा को सभापति पद के लिए 21 तारीख को होने वाले मतदान से पहले क्रास वोटिंग का डर लग रहा है। ऐसे में दोनों ने अपनी बाड़ाबंदी टाइट कर ली है। इस बीच पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने बड़ा बयान दिया है। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस और उनके समर्थित पार्षदों के पुलिस धमकाकर उठा रही है। बीजेपी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र के पर्व को कुचलकर अपनी सत्ता बनाना चाहती है।

डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में पुलिस के इस रवैये को लेकर मैंने डीजीपी को पहले भी कह दिया और अब मीडिया के माध्यम से कह रहा हूं कि अब आप इस तांडव नृत्य को रोक लीजिए वरना राजस्थान की जनता में आक्रोश फैल जाएगा। अगर कोई मर्डर हुआ या खून खराबा हुआ तो जिम्मेदार राजस्थान पुलिस और सरकार होगी।

वहीं लक्ष्मणगढ़ के कांग्रेसी व निर्दलीय समर्थित पार्षदों की बाड़ाबंदी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे डांस करते और क्रिकेट खेलते नजर आ रहे है।

**दोनों पार्टी के पार्षद बाड़ाबंदी में**

बीजेपी ने गुरुवार दोपहर बाद सभी जीते हुए पार्षदों को वापस बाड़ाबंदी में बुला लिया था। वहीं कांग्रेस के भी ज्यादातर पार्षद वर्तमान में बाड़ाबंदी में है। जल्द ही बाड़ाबंदी की जगह भी बदलने की चर्चा है। कांग्रेस पार्षदों के परिवारों को भी बाड़ाबंदी में बुला लिया गया है।

सीकर में निकाय चुनाव के परिणाम में कांग्रेस पार्टी ने बहुमत से 5 सीट ज्यादा 38 हासिल की। वहीं भाजपा ने 22,4 निर्दलीय और 1 सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के द्वारा जीत हासिल की थी।

पूर्ण बहुमत होने के बावजूद भी कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती कि किसी भी हाल में उनकी पार्टी के पार्षदों का कोई जोड़-तोड़ हो। हालांकि एक दो-पार्षद अभी बाड़ाबंदी से बाहर भी है। जिन पर कांग्रेस पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि यह किसी दूसरे दल में नहीं जा सकते।

**दोनों पार्टियों ने पार्षदों के फोन भी स्विच ऑफ करवाए**

दोनों ही पार्टियों के बाड़ाबंदी में बैठे पार्षदों के मोबाइल भी स्विच ऑफ करवाए गए हैं, जिससे कि कोई भी उनसे कांटेक्ट नहीं कर सके। सभी बाड़ाबंदी से 21 सितंबर को मतदान वाले दिन ही बाहर आएंगे।

**मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठे अधिकारी कलेक्टर और एसपी को धमका रहे**

डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठे अधिकारी कलेक्टर और एसपी को धमका रहे हैं। भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने मिलकर मुख्यमंत्री कार्यालय से हर निकाय के प्रभारी के नंबर कलेक्टर और एसपी को भेजे गए हैं। और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जैसे ही आपको यह कॉल करें तो आप पुलिस भेज देना। पुलिस को पार्टी के उन पदाधिकारी के नंबर दिए गए हैं।



फतेहपुर में पुलिस कांग्रेस को यह बोल रही है कि बीजेपी के पार्षद को आप अपने बाड़े में कैसे रख सकते हो। अब मैं पूछना चाहता हूं कि आप कांग्रेस के पार्षद को कैसे रख सकते हो।

**लक्ष्मणगढ़ के कांग्रेसी कैंप से पार्षदों का वीडियो आया सामने**

लक्ष्मणगढ़ के कांग्रेसी व निर्दलीय समर्थित पार्षदों की बाड़ाबंदी का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में

पार्षद क्रिकेट खेलते और नाचते-गाते नजर आ रहे है। वीडियो में कांग्रेस और कुछ निर्दलीय पार्षद है, जिनमें निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मुस्तफा कुरैशी और वर्तमान प्रत्याशी संजीव कुमार भी हैं। इसके अलावा क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि भी पार्षदों के साथ दिखाई दे रहे हैं।

**डोटासरा बोले- केंद्रीय मंत्री तक कांग्रेसी पार्षदों को उठाने में लगे**

डोटासरा ने कहा कि मंडावा को ले लीजिए, बीकानेर को ले लीजिए, बानसूर में पूर्व मंत्री शकुंतला रावत कह रही है कि अब तक पांच होटल बदल लिए फिर भी पुलिस वाले पीछे लगे हुए हैं। बोल रहे हैं हमारी नौकरी चली जाएगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली 5 दिन से पार्षदों को लिए बैठे हैं। केंद्रीय मंत्री तक कांग्रेसी पार्षदों को उठाने में लगे

डोटासरा ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ में मेरे यहां पर जो लोग रुके हुए हैं,वहां पुलिस उनके पास चली गई। वहां पर तो भाजपा के पास केवल 15 आदमी है और हमारे पास 28 से 29। डोटासरा ने कहा कि हमारे एक आदमी को भाजपा के आदमी ने फोन करके कहा कि आप तो आईडी की फोटो भिजवा दो हम मुकदमा दर्ज करवा के चार से पांच आदमियों को उठा लेंगे। भरतपुर में होटल के नोटिस दिए, होटल गिराने की चेतावनी दी गई। आज वहां नामांकन भी उठ गया है। उदयपुर में ऐसे ही नोटिस दिए गए।

अभी भी नेताओं के कॉल आ रहे हैं कि यह हो क्या रहा है। महंगे पैसे देकर होटल बुक करने पड़ रहे हैं। जब इस मामले में डीजीपी से बात करते हैं तो वह बोलते हैं कि मुझे पता ही नहीं। कुचेरा मामले को लेकर जब आईजी से बात की। वहां के एडिशनल एसपी से बात की तो उन्होंने कहा कि पुलिस थाने या ऑफिस तो आना ही होगा।

# रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक ने लालगढ़ पोस्ट एवं बैरक का किया निरीक्षण

## नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

**(खबर आस पास)**

**लालगढ़ श्रेयांस बैद।** रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, जयपुर ज्योति कुमार सतीजा ने 17 सितंबर 2026 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लालगढ़ तथा बैरक/लाइन लालगढ़ का दौरा कर व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बल सदस्यों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सतीजा ने सभी बल सदस्यों को नशे से दूर रहने तथा भोजन में पौष्टिक आहार का सेवन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रतिदिन योग एवं व्यायाम करने तथा वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल की आमजन में बेहतर छवि बनाए रखने के उद्देश्य से रेल यात्रियों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को आवश्यकतानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे एवं रेलवे परिसर में अवांछनीय अथवा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि रेलवे एवं स्टेशन परिसर में पाए जाने वाले लावारिस अथवा घर से भागे बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

महानिरीक्षक ने वर्तमान समय में अपराधियों की जानकारी एवं पहचान के लिए एनसीआरबी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक तकनीकों ड्डष्टछ्वस, हड्डष्ठह, ष्टह्लद्ध-स्न्ष्ट, ह्रष्टक्रष्ट, ड्डस्नद्ध्स एवं क्र्रस्र्रू का बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर दैनिक ड्यूटी में प्रभावी उपयोग करने तथा अपराधियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार द्वारा लागू जन विश्वास अधिनियम, 2026 के अंतर्गत रेलवे अधिनियम में किए गए प्रावधानों/संशोधनों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

भारत सरकार के ड्रग्स फ्री इंडिया अभियान के अनुरूप रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने तथा ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में प्रभावी जांच करने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों की भौतिक सुख-सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लालगढ़ स्टेशन स्थित बैरक का निरीक्षण किया गया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

रेल के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ट्रेनों में जांच हेतु तैनात रेलवे सुरक्षा बल के डॉग स्क्वॉड का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉग हैंडलर सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह तथा डॉग रॉकी के कार्य एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। डॉग को स्वस्थ रखने, नियमित अभ्यास कराने तथा उसके खान-पान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान सतीजा रेलवे वर्कशॉप लालगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य कारखाना प्रबंधन के साथ बैठक कर वर्कशॉप में उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा संबंधी विषयों पर आपसी समन्वय के लिए चर्चा की।

# एसआई/प्लाटून कमांडर संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू

### जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा-2021 के आयोजन के दौरान जिला मुख्यालय पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।

आदेशानुसार परीक्षा दिवस 20 सितंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान नकल गिरोह एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रतिबंध लगाए गए हैं।

आदेशानुसार परीक्षा केंद्रों के 300 मीटर की परिधि में ई-मित्र, फोटो कॉपी एवं साइबर कैफे बंद रहेंगे। साथ ही मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नकल जैसी अवैध गतिविधियों के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्रों पर केवल अधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश की अनुमति होगी।

परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता, सोशल मीडिया पर परीक्षा से संबंधित अनावश्यक तथ्यों के आदान-प्रदान पर रोक तथा केंद्रों के आसपास 300 मीटर की सीमा में कोचिंग संस्थानों पर भी प्रतिबंध का प्रावधान किया गया है। नकल अथवा परीक्षा की गोपनीयता भंग करने जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उक्त निषेधाज्ञा 20 सितंबर 2026 को सुबह 6 बजे से सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

# विकसित भारत-जन सेवा अभियान : 19 से 25 सितंबर तक पंचायत समिति स्तर पर लगेंगे शिविर

## जिला कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

### सेवा सेतु अभियान के तहत होगा आयोजन

**बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)।** विकसित भारत जन सेवा अभियान-2026 के तहत 19 से 25 सितंबर तक प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 9:30 बजे से शाम 6 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक चलेंगे। पंचायत समिति मुख्यालयों पर संबन्धित विकास अधिकारी इन शिविरों के प्रभारी होंगे।

शिविरों की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में शिविरों से संबंधित 22 विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं प्रत्येक पंचायत समिति से संबंधित अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों से संबंधित समस्त तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। शिविरों में अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिले, इसे ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित समस्त स्वीकृतियां जारी करने के साथ ही लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिविरों में संबंधित 22 विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग उन्हें आवंटित कार्यों का संपादन सुनिश्चित करे।

**फार्मर रजिस्ट्री और गिरदावरी में प्रगति के निर्देश**

जिला कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गिरदावरों और पटवारियों की बैठक लेकर गिरदावरी कार्य में प्रगति लाने को कहा। सभी उपखंड अधिकारियों को इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। दुधारू पशुओं में होने वाले लंपी स्किन रोग के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही एनएफएसए के लंबित आवेदनों का निस्तारण करने, पीएम किसान निधि के 5 प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन करने तथा पालनहार योजना के सभी पात्र लाभार्थियों का 100 प्रतिशत नवीनीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**इन विभागों की रहेगी भागीदारी**

जिला कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, राजस्व, राजीविका, वन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, ऊर्जा, कृषि, योजना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, श्रम, आपदा प्रबंधन एवं सहायता, जल संसाधन, परिवहन, सहकारिता, शिक्षा, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति, सैनिक कल्याण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की भागीदारी रहेगी। प्रत्येक विभाग के लिए शिविरों के दौरान किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण किया गया है।

बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) उम्मेद सिंह रतनू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन में किसानों को सोलर ड्रायर स्थापना पर 40 प्रतिशत अनुदान

## खजूर, काचरी, सांगरी, सहजन, कद्दू वर्गीय फसलों को अब नहीं झेलनी होगी मौसम की मार, सोलर ड्रायर से मिलेगी सुरक्षित सुखाई

### गुणवत्ता के साथ बढ़ेगा मूल्य

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** जिले में व्यापक स्तर पर खजूर, काचरी, सांगरी, सहजन, कद्दू वर्गीय फसलों का उत्पादन हो रहा है, जिन्हें सुरक्षित सुखाना किसानों के लिए बड़ी चुनौती रहती है। खुले खेतों में फैलाकर सुखाये जाने पर कोहरा, बादल और बारिश सहित मौसम की मार का खतरा बना रहता है। ऐसे में अब किसानों के लिए सोलर ड्रायर राहत का विकल्प बना है। उद्यान विभाग राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत किसानों को सोलर ड्रायर की स्थापना पर 40 प्रतिशत तक अनुदान दे रहा है। खजूर फल सहित काचरी, सांगरी, सहजन, कद्दू वर्गीय सब्जियों को कम समय में सुरक्षित तरीके से सुखाने में सोलर ड्रायर उपयोगी है। इससे फसल को खुले में सुखाने के दौरान धूल लगने और अचानक बारिश या नमी से खराब होने का खतरा कम होगा साथ ही सुरक्षित सुखाई से उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ेगी जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकेगा जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**70 किलो क्षमता पर 2.50 लाख, 100 किलो पर 3.50 लाख की लागत**

उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत 70 किलो क्षमता वाले सोलर ड्रायर की लागत 2.50 लाख रुपए तथा 100 किलो क्षमता वाले ड्रायर की लागत 3.50 लाख रुपए निर्धारित है। विभाग की ओर से इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

**सोलर ड्रायर कटाई के बाद उद्यानिकी फसल के सुरक्षित प्रबंधन का बनेगा विकल्प**

खुले में सुखाने में मौसम की अनिश्चितता किसानों के लिए परेशानी बनती है। कई बार कोहरा, बादल अथवा बारिश के कारण खेत में फैलाया गया खजूर फल, काचरी फल व सांगरी की फलियां, सहजन की फलियां पत्तियां तथा कद्दू वर्गीय फसलों खराब हो जाती है। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि सोलर ड्रायर इस जोखिम को कम करने के साथ किसानों को कटाई के बाद सुरक्षित प्रबंधन का विकल्प देगा।

सोलर ड्रायर में प्लेट्स और ट्रे होती हैं, जिससे न तो डस्ट लगती है और न ही फल के भीगने का डर रहता है। बहुत कम समय में सब्जियों को सुरक्षित तरीके से सुखाया जा सकता है।

उपनिदेशक उद्यान अनुसंधान एटीसी प्रेमाराम ने बताया कि किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि उद्यानिकी विभाग के सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रूणिया बड़ा बास में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर बालिकाओं एवं महिलाओं को किया जागरूक

**(खबर आस पास)**

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बीकानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूणिया बड़ा बास में शुक्रवार को जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काली बाई भील उड़ान योजना के अंतर्गत माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन, स्वच्छता एवं महिला अधिकारों से संबंधित विषयों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं अंकिता, मोनिका एवं पिंकी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की वयोवृद्ध महिला जेठी देवी ने की। महिला अधिकारिता विभाग की प्रचेता विजयलक्ष्मी जोशी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि माहवारी प्राकृतिक शारीरिक प्रक्रिया है, जो स्त्री को मातृत्व के लिए सक्षम बनाती है। उन्होंने माहवारी के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा संक्रमण एवं अन्य रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की बात कही।

सखी सेंटर प्रथम की केंद्र प्रबंधक संतोष बारिया ने माहवारी के दौरान सैनिटरी पैड का उचित उपयोग एवं समय-समय पर उसे बदलने की आवश्यकता बताई। उन्होंने पौष्टिक आहार लेने तथा पर्याप्त मात्रा में गुनगुने पानी का सेवन करने की सलाह दी।

सखी सेंटर द्वितीय की केंद्र प्रबंधक ने सखी वन स्टॉप सेंटर तथा 'तेरे मेरे सपने-एक संवाद' कार्यक्रम सहित महिला हित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं महिला कानूनों की जानकारी दी और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम का सफल संचालन महिला अधिकारिता विभाग की प्रचेता विजयलक्ष्मी जोशी ने किया।

इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उपस्थित प्रतिभागियों को बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में लीगल काउंसलर गायत्री एवं साथिन गोगा सहित अन्य महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# चार दिन से पेयजल सप्लाई बंद, 13 नंबर ट्यूबवेल की केबल चोरी और 12 नंबर की मोटर जली

**दियातरा (खबर आस पास)।** गांव में पिछले चार दिनों से पेयजल सप्लाई पूरी तरह बाधित होने से ग्रामीणों के सामने पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दियातरा गांव की पेयजल व्यवस्था के लिए मुख्य रूप से दो ट्यूबवेल हैं। इनमें 13 नंबर ट्यूबवेल की केबल 13 सितंबर को चोरी हो गई, जबकि 12 नंबर ट्यूबवेल की मोटर पिछले चार दिनों से जली हुई है। दोनों ट्यूबवेल बंद होने से पूरे गांव की पेयजल सप्लाई प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि 13 नंबर ट्यूबवेल की केबल चोरी होने की घटना पहली नहीं है। इससे पहले भी कई बार केबल तार चोरी हो चुके हैं, लेकिन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व की घटनाओं में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराई गई, जिसके चलते चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं। अस्थायी कर्मचारी नरसी राम ने बताया कि केबल चोरी और पेयजल व्यवस्था की समस्या से विभाग के अधिकारियों व उच्चाधिकारियों को फोटो-वीडियो भेजकर अवगत कराया गया है। अधिकारियों से संपर्क करने पर ठेकेदार को काम के लिए कहने की बात कही जाती है और अगले दिन काम होने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन मौके पर समय पर कोई ठेकेदार नहीं पहुंच रहा है।

**नहर के पानी की सप्लाई भी प्रभावित**

ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 दिनों से टंकी में आने वाली पानी की सप्लाई भी प्रभावित है। नहर का पानी नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 13 सितंबर के बाद नहर का पानी नहीं आया है। नहर विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं हिराई सेंटर के अस्थायी कर्मचारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सेंटर को बज्जू से बिजली मिलती है, लेकिन पिछले करीब एक माह से पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल रहा है। कम वोल्टेज के कारण जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त वोल्टेज की आपूर्ति मिलते ही पेयजल सप्लाई को सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

**ग्रामीण बोले- बाकी गांवों में सप्लाई, दियातरा के समय ही कम वोल्टेज क्यों**

ग्रामीणों का कहना है कि हिराई से भाणेकागांव, नयागांव सहित बीच में आने वाले अन्य गांवों में पानी की सप्लाई हो रही है, लेकिन दियातरा की सप्लाई के समय ही कम वोल्टेज की समस्या बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार चार दिन के अंतराल के बाद पानी की सप्लाई मिलती है और उसी दौरान बिजली चली जाने पर अगली सप्लाई के लिए आठ दिन तक इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार हिराई सेंटर को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन बिजली का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। नहर विभाग के एईएन से मामले को लेकर बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ आया।

**तालाब या महंगे पानी से बुझानी पड़ रही प्यास**

पेयजल व्यवस्था ठप होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में दत्तात्रेय तालाब का पानी उपयोग करना पड़ रहा है। वहीं कई परिवार कृषि कुओं से ऊंचे दाम पर पानी मंगवाकर घरेलू जरूरत पूरी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग, नहर विभाग और जनप्रतिनिधियों से 12 नंबर ट्यूबवेल की मोटर तत्काल दुरुस्त कराने, 13 नंबर ट्यूबवेल की चोरी हुई केबल लगवाने, नहर से नियमित पानी उपलब्ध कराने और पूर्व में हुई केबल चोरी की घटनाओं में कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दियातरा की पेयजल व्यवस्था पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में संकट और बढ़ सकता है। इसमें नहर विभाग का पक्ष और ग्रामीणों का सवाल दोनों शामिल हैं, इसलिए खबर एकतरफा आरोप की बजाय दोनों पक्षों के बयान के साथ ज्यादा मजबूत बनती है।

# डागा ने नामांकन लिया वापस, अब कांग्रेस-बीजेपी में सीधी टक्कर

## 21 को होगा महापौर का चुनाव,डोटासरा से मुलाकात के बाद बनी सहमति

**बीकानेर (खबर आस पास)।** नगर निगम के दो साल बाद होने जा रहे महापौर चुनाव को लेकर नाम वापसी के बाद पिक्चर साफ हो गई है। कांग्रेस के बागी बने पार्षद नवरतन डागा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके साथ ही महापौर चुनाव में अब कांग्रेस के अनिल कल्ला और बीजेपी के डॉ.सुरेंद्र सिंह शेखावत के बीच सीधी टक्कर देखने को मिलेगी। सोमवार को इसके लिये वोटिंग होगी और शाम को ही यह तय हो जाएगा कि बीकानेर का अगला महापौर कौन होगा। डागा अपना नामांकन वापस लेने के लिए कांग्रेस शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल और देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के साथ नगर निगम पहुंचे। नामांकन वापस लेने के बाद डागा ने कहा कि उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं था,आलाकमान ने उनसे बातचीत कर पूरी तरह संतुष्ट किया है।उन्होंने कहा,मैं किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं,बल्कि व्यवस्था के खिलाफ था। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो असहमति और अपनी बात रखने को तवज्जो देती है।डागा ने कहा कि वे पहले भी कांग्रेस में थे,आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। सर्वे में अनिल कल्ला का नाम आया तो उनका यह अधिकार बनता है। कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और शहर में कांग्रेस का ही महापौर बनेगा।मैं आजीवन कांग्रेस का रहूंगा। उन्होंने कहा अनिल उनका छोटा भाई है। मेरा किसी से व्यक्तिगत द्वेष नहीं। मेरा विरोध सिस्टम के खिलाफ था और मैंने अपने शीर्ष नेतृत्व के समक्ष अपनी बात रखी। उनके सन्तुष्टिपूर्ण जबाब के बाद मैनें अपना नामांकन वापस ले लिया है। इससे पहले गुरुवार को नवरतन डागा का कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में दाखिल नामांकन जांच के दौरान खारिज हो गया था। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में बने रहने का फैसला किया था।

### डोटासरा से मुलाकात के बाद बनी बात

नामांकन वापसी से पहले नवरतन डागा की कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात हुई थी। इसके बाद डागा के नामांकन वापस लेने की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब नामांकन वापसी के बाद माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व और डागा के बीच बातचीत के बाद सहमति बनी। कांग्रेस शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि पार्टी को पूरा विश्वास था कि नवरतन डागा अपना नामांकन वापस ले लेंगे। वहीं देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि उन्होंने पहले ही मीडिया के सामने कहा था कि डागा अपना पर्चा वापस ले लेंगे।



### शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल का दावा, बनाएंगे बोर्ड, लोकतांत्रिक तरीके से हुआ फैसला

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन मेघवाल ने कहा कि महापौर पद का नाम केवल कल्ला जी की मर्जी से नहीं, बल्कि पीसीसी चीफ द्वारा सभी पार्षदों से 'वन-टू-वन' रायशुमारी के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया से तय हुआ है। परिवार में जन्म लेना कोई अपराध नहीं है।मेघवाल ने कहा कि चुनाव से पहले ही जीत के दावे करने वाली भाजपा को जनता ने आइना दिखा दिया है। अब वे जोड़तोड़ कर लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं, जबकि पूर्व में जब दो बार भाजपा का बोर्ड बना था,तब कांग्रेस ने कभी ऐसा नहीं किया।उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 42 से अधिक वोट हासिल कर 101 प्रतिशत नगर निगम में अपना बोर्ड बनाने जा रही है।

### डॉ. कल्ला का अधिकारियों पर सीधा प्रहार

पूर्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि कुछ अधिकारी सत्ता के दुरुपयोग का जरिया बन रहे हैं। अगर किसी अधिकारी को राजनीति ही करनी है, तो पद से इस्तीफा देकर खुलेआम सियासत के मैदान में उतरे। चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्षद को नोटिस दिए जाने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया। परिवारवाद के आरोपों पर कल्ला ने दो टूक कहा,मेरे अलावा मेरे परिवार से कभी किसी ने चुनाव नहीं लड़ा। अब अगर किसी सदस्य ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ लिया, तो कोई जुर्म नहीं कर दिया। बीकानेर से लेकर दिल्ली तक कांग्रेस पूरी तरह एक है। '

### 21 सितंबर को होगा महापौर चुनाव

बीकानेर नगर निगम में महापौर पद के लिए 21 सितंबर को मतदान होना है। कांग्रेस ने अनिल कल्ला को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है, जबकि बीजेपी की ओर से डॉ.सुरेंद्र सिंह शेखावत मैदान में हैं। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर स्पष्ट हो गई है। नगर निगम के 80 वार्डों में कांग्रेस ने 42 सीटें,बीजेपी ने 27 सीटें जीती हैं। इसके अलावा 10 निर्दलीय और एक आरएलपी के पार्षद हैं। दोनों ही दल इस बात का दावा कर रहे है कि वे निर्दलीयों के दम पर और क्रॉस वोटिंग के जरिये चुनाव जीत जाएंगे।

# बीटीयू के पूर्व कुलगुरु प्रो. एच.डी. चारण को एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार

## राष्ट्रपति द्वारा दी गई जिम्मेदारी, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव का मिलेगा लाभ

**(खबर आस पास)**

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (बीटीयू) के पूर्व कुलगुरु एवं चेयरपर्सन, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), भोपाल प्रो. (सेनि.) एच.डी. चारण को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एबीवी-आईआईआईटीएम), ग्वालियर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के चेयरपर्सन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

बीटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की निदेशक गरिमा शर्मा द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरपर्सन के रूप में प्रो. चारण संस्थान की नीतिगत दिशा, दीर्घकालिक विकास योजनाओं, शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

विदित है कि एबीवी-आईआईआईटीएम, ग्वालियर देश के प्रमुख तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा संस्थानों में शामिल है। संस्थान सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के अंतर्विषयक क्षेत्र में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है।

गौरतलब है कि प्रो. चारण वर्तमान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), नई दिल्ली की मानवीय मूल्यों की राष्ट्रीय समिति के चेयरपर्सन भी हैं। तकनीकी शिक्षा एवंहै अकादमिक प्रशासन के क्षेत्र में वे लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा संस्थागत नेतृत्व के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव को देखते हुए नई जिम्मेदारी में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहेगा।